प्रेस विज्ञप्ति

लोक भवन, राँची

दिनांक :04 फरवरी, 2026 :-

(1) माननीय राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज्य के माननीय मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर ने लोक भवन, राँची में भेंट की।

इस अवसर पर राज्यपाल महोदय को माननीय मंत्री ने नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय, पलामू अंतर्गत श्री ए०के० सिंह कॉलेज, पलामू के विद्यार्थियों को चांसलर पोर्टल से संबंधित आ रही कठिनाइयों से अवगत कराया तथा विश्वविद्यालय प्रबंधन को इस दिशा में निदेशित करने हेतु पहल करने का आग्रह किया।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज राँची प्रेस क्लब द्वारा जे०के० इंटरनेशनल क्रिकेट अकादमी, अगरु, रातू, रांची में आयोजित "मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट-2026" के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया समाज का सजग प्रहरी है और इसे लोकतंत्र का 'चतुर्थ स्तंभ' भी कहा जाता है। पत्रकारिता केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि जनचेतना को जागृत करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि मीडिया से जुड़े सभी साथी दिन-रात परिश्रम कर जनहित के विषयों को प्रमुखता से सामने लाने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। "मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट" जैसे आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आपसी सौहार्द, समन्वय और आत्मीयता को प्रगाढ़ करने का माध्यम भी हैं।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि क्रिकेट हमें धैर्य, रणनीति और सामूहिक प्रयास का महत्व सिखाता है। दो दिन पूर्व राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) के प्रतिनिधिमंडल के साथ संवाद के दौरान भी झारखंड में खेल प्रतिभाओं की असीम संभावनाओं की चर्चा हुई थी। इस क्रम में यह भी चर्चा हुई कि यदि कम आयु से ही प्रतिभाओं को प्रोत्साहन दिया जाए तो राज्य राष्ट्रीय एवं

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित कर सकता है।

माननीय राज्यपाल ने यह भी कहा कि खेलों के विकास में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब मीडिया किसी खिलाड़ी की उपलब्धि को प्रमुखता देता है, तो वह समाचार हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन जाता है और नई प्रतिभाओं को पहचान मिलती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पत्रकार मित्रों से उनके प्रगाढ़ संबंध रहे हैं, बरेली जनपद के सभी पत्रकार साथी आज भी उनसे मिलने आते हैं।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह टूर्नामेंट मीडिया जगत के साथियों के बीच सहयोग, भाईचारे और सकारात्मक संवाद को और सुदृढ़ करेगा। इस अवसर पर उन्होंने हाल ही में सम्पन्न राँची प्रेस क्लब के चुनाव में निर्वाचित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को बधाई दी।

राज्यपाल महोदय ने खिलाड़ियों से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया।

---

(3) माननीय राज्यपाल महोदय के निदेश पर लोक भवन उद्यान को आम नागरिकों के भ्रमण एवं परिदर्शन हेतु दिनांक 2 फरवरी से 8 फरवरी, 2026 तक खोला गया है। आज तीसरे दिन 12711 लोगों ने लोक भवन उद्यान का भ्रमण एवं परिदर्शन किया। उद्यान भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक है। लोक भवन उद्यान का भ्रमण करने हेतु इच्छुक व्यक्ति लोक भवन के गेट संख्या 2 से सुरक्षा जांचोपरांत 1 बजे अपराह्न तक आ सकते हैं।